तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

10 शहरी क्षेत्र में 15 मिनट तो ग्रामीण इलाकों में 30 मिनट...



11 ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क....





# महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दे रहा छत्तीसगढ़ मॉडल : खडसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा खडसे ने बुधवार को तुरेनार स्थित छत्तीसकला ब्रांड के अंतर्गत ग्रोथ सेंटर एवं प्रगति महिला स्व-सहायता समूह के स्टॉल्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय उत्पादों, महिला उद्यमिता एवं स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान रक्षा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हो रहा है। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की अग्रदूत भी बन रही हैं। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा ने कहा कि राज्य में संचालित विभिन्न योजनाएं, जैसे कि महतारी वंदन योजना, महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। साथ ही ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से उत्पादों की बिक्री, रेडी-टू-ईट खाद्य उत्पादों का निर्माण तथा लखपति दीदी योजना जैसे प्रयास महिलाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। रक्षा खडसे ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि स्व-सहायता समूह द्वारा रेडी टू इट निर्माण, पोषण सुरक्षा, रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने इन प्रयासों को "नारी शक्ति के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत ▶▶ शेष पेज 10 पर

## केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्यमंत्री रक्षा ने देखे महिला स्व-सहायता समूह के स्टॉल्स

### पारंपरिक कला व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी किया अवलोकन

इसके अलावा बस्तर जिले के ग्राम चिलकुटी के दौरे के दौरान उन्होंने पारंपरिक कला एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर रक्षा खडसे ने विशेष रूप से पारंपरिक लॉस्ट वैक्स तकनीक ढोकरा शिल्प को निकट से देखा, जो आदिवासी कला और शिल्प कौशल की एक अद्वितीय पहचान है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा केवल कला नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक स्मृति और स्थानीय कारीगरों की जीवंत विरासत का सशक्त प्रतीक है।



### कारीगरों से किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान रक्षा खडसे ने महिला उद्यमियों एवं स्थानीय कारीगरों से संवाद किया और उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में स्व-सहायता समूहों तथा पारंपरिक शिल्प के माध्यम से हो रहा यह परिवर्तन महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और समावेशी आर्थिक वृद्धि का एक प्रेरणादायी उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## खबर संक्षेप



### बस्तर जनता को समर्पित की गईं 15 अत्याधुनिक एम्बुलेंस

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की जनहितैषी पहल के अंतर्गत बस्तर की जनता को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के संकल्प के साथ 15 नई एम्बुलेंस सौंपी गईं। इस महत्वपूर्ण सौगात के साथ अब जिले के वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और अधिक सुगम हो गई है, जिससे विशेष रूप से आकस्मिक दुर्घटनाओं और प्रसव के मामलों में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना संभव हो सकेगा। बुधवार को महारानी अस्पताल के प्रांगण में आयोजित एक कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे ने इन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले महापौर ने एम्बुलेंस में मौजूद आधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों का निरीक्षण किया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर इन वाहनों को बस्तर की जनता की सेवा के लिए समर्पित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये एम्बुलेंस इसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्राही और संजय विश्वकर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रीना लक्ष्मी और डॉ. नीरज ओझा सहित महारानी अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई इस बड़ी सौगात से बस्तर के चिकित्सा तंत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जो संकट के समय आम जनमानस के लिए जीवनदायिनी साबित होगी।

### बस्तर के कृषि उत्पादों को मिलेगी वैश्विक पहचान

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग की समृद्ध कृषि परंपरा और अद्वितीय वनोपजों को अंतरराष्ट्रीय पटल पर लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल किया जा रहा है। इसी क्रम में बस्तर जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में बीते सोमवार को कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा एक वृहद निर्यात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का क्रियान्वयन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और लक्षद्वीप प्रोड्यूसर कंपनी बकावंड के साझा सहयोग से किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले में उपलब्ध अनाज, प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों, ताजे फलों और सब्जियों के लिए निर्यात के नए द्वार खोलना था। इस कार्यक्रम की सार्थकता इस तथ्य से और महत्वपूर्ण हो गई है कि वर्तमान वर्ष 2026 को वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अनुरूप, कार्यशाला में बस्तर की महिला शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहाँ जिले के विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों के कुल 73 सदस्यों ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान कृषि निर्यात की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए विशेषज्ञों ने गुणवत्ता मानकों, आधुनिक पैकेजिंग तकनीकों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए अनिवार्य प्रमाणन व दस्तावेजीकरण की प्रक्रियाओं पर गहन चर्चा की।

## हवाई सेवा का यही रिस्पॉन्स रहा तो शीघ्र ठप होगी उड़ान

# पहले दिन रायपुर गए 9 व हैदराबाद 17, अलायन्स एयरलाइंस की 70 सीट वाली फ्लाइट काफी रही खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



- बस्तर को फिर मिली हवाई रफ्तार रायपुर-जगदलपुर हैदराबाद फ्लाइट सेवा 31 मार्च से शुरू

उड़ान योजना के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हवाई चप्पल पहनने वालो को हवाई सफर कराना बस्तर के लिए एयर कम्पनियों के पहले दिन फायदेमंद नहीं रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के जगदलपुर बस्तर में उड़ान योजना के तहत हवाई सेवा का शुभारंभ 14 जून 2018 को किया था, जिसके बाद 15 जून 2018 से आम नागरिकों के लिए रायपुर-जगदलपुर उड़ान शुरू हुई। एलायंस एयर ने 31 मार्च 2026 से जगदलपुर-रायपुर-हैदराबाद फ्लाइट सेवा फिर से शुरू की। नए शेडयूल के अंतर्गत अलायन्स एयर की उड़ान सेवा जब जगदलपुर से रायपुर हवाई सेवा में यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा था,तब दो एयर कम्पनियां अलायन्स एयर और इंडिको दोनों के प्रतिस्पर्धा के चलते पहले अलांयस एयर ने हैदराबाद-जगडलपुर-रायपुर हवाई सेवा बंद कर दी,फिर कुछ दिनों के बाद इंडिगो भी अपनी उड़ान सेवा एकाएक बंद कर दिया। 31 मॉर्च से अलायन्स एयर ने हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर सेवा सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उड़ान भरेगी। अब पहले दिन यात्रियों का जितना प्रतिसाद मिलना था, नही मिला। गिनती के यात्री उड़ान भरी। अब कम्पनी वालों के कान खड़े हो गए। कम्पनी वाले दो दिन में ही नफा-नुकसान का आंकलन में जुट गए है। लंबे इंतजार के बाद एलायंस एयर की वापसी होने से बस्तर का व्यापार-पर्यटन और चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जगदलपुर बस्तर संभाग के लिए बहुप्रतीक्षित हवाई सुविधा एक बार शुरू हो गई है। एलायंस एयर ने समर शैड्यूल के तहत रायपुर-जगदलपुर हैदराबाद रूट पर अपनी फ्लाइट सेवा बहाल कर दी हैं। 31 मार्च से शुरू हुई सेवा ने बस्तर को देश के प्रमुख शहरों से फिर जोड़ दिया है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। बस्तर जैसे दूरस्थ और आदिवासी बहुल क्षेत्र के लिए हवाई कनेक्टिविटी लंबे समय से बड़ी चुनौती रही है। सडक़ और रेल मार्ग से लंबी दूरी तय करनी ▶▶ शेष पेज 10 पर

### पहले क्यों बंद हुई थी फ्लाइट

सेवा पहले भी संचालित हो रही लेकिन अगस्त 2024 में इसे कर दिया गया था। इसके पीछे मुख्य बंद कारण उड़ान योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी का खत्म होना,यात्रियों की कम संख्या और बढ़ती परिचालन लागत रही। सेवा बंद होने के बाद बस्तर की हवाई कनेक्टिविटी लगभग ठप हो गई थी, जिससे यात्रियों को रायपुर या अन्य शहरों तक पहुंचने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता था।

### तीन दिन मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को होगी संचालित

फिलहाल यह सेवा सप्ताह में तीन दिन ही संचालित की जा रही है। मंगलवार, गुरुवार और शनिवार। पहले दिन की बात करें तो लोगों का काफी ठंडा रिस्पांस देखने को मिला। पहले दिन हैदराबाद 17 तो और रायपुर के लिए 9 लोगों ने इसका फायदा उठाया। 70 सीटर वाले इस फ्लाइट में इतने कम लोगों ने रुचि दिखाई। इसके साथ हीं यह सवाल भी खड़े हो गए कहीं ऐसी ही स्थिति आगे भी बनी रही तो कहीं फिर से यह सेवा बंद न हो जाए। विशेषज्ञों का कहना है कि यह पहला दिन था। इसलिए ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी,जैसे जैसे लोगों को पता चलेगा, इसका लाभ लेने के लिए और अधिक लोग आने लगेंगे।

# जनगणना में भेदभाव का आरोप ओबीसी समाज में बढ़ा आक्रोश

## जनगणना 2027 प्रपत्र में अलग कॉलम की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जनगणना 2027 के प्रस्तावित सर्वे प्रपत्र को लेकर ओबीसी समाज में गहरी नाराजगी सामने आई है। प्रथम दृष्टया प्रपत्र में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए अलग कॉलम का प्रावधान किया गया है। लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कॉलम का उल्लेख नहीं होने से समाज के लोगों ने इसे पक्षपातपूर्ण करार दिया है। समाज का कहना है कि जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना का ऐलान किया है, तब ओबीसी को अलग पहचान न देना अन्यायपूर्ण है।

### राजपत्र में उल्लेख नहीं, असंतोष

ओबीसी समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र 22 जनवरी 2026 में जनगणना 2027 के तहत पूछे जाने वाले प्रश्नों में केवल एससी और एसटी का ही उल्लेख किया गया है। इसमें ओबीसी वर्ग को शामिल नहीं किए जाने से असंतोष और गहरा गया है। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों ने संभागीय अध्यक्ष तरुण धाकड़ के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रपत्र में ओबीसी के लिए अलग कॉलम जोड़ने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि ओबीसी वर्ग के लिए निर्धारित 27 प्रतिशत आरक्षण को छत्तीसगढ़ में प्रभावी रूप से लागू किया जाए और संबंधित नियमावली को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। समाज का कहना ▶▶ शेष पेज 10 पर

# जमीन खरीदी व बिक्री से राजस्व पिछले वर्ष से 6.27 फीसदी हुआ कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



- कड़े सरकारी नियम व दस्तावेजीकरण की रही परेशानी

उप पंजीयक कार्यालयों में जमीन की खरीद-बिक्री से प्राप्त राजस्व में कमी आने के कारण हैं, जिनमें संपत्ति की बढ़ती कीमतें, कड़े सरकारी नियम और दस्तावेजीकरण की दिक्कतें शामिल हैं। जिससे पिछले साल की तुलना में इस साल बिक्री और खरीदी का राजस्व 6.27 फीसदी कम हुआ है, हालांकि इस वर्ष 2025-26 में शासन ने खरीद-बिक्री से प्राप्त राजस्व का लक्ष्य नहीं दिया गया है। कार्यालय में 3152 दस्तावेज से 34 करोड़ 68 लाख 26 हजार 249 रुपए राजस्व मिला, यानि पिछले वर्ष के लक्ष्य से 93.73 फीसदी राजस्व रहा। नए बदलाव एवं अचल संपत्ति के दाम बढ़ने से लोग खरीदने से हिचक रहे हैं, जिससे बिक्री घट गई है। नए बदलाव न केवल तकनीकी उन्नयन का प्रतीक है बल्कि धोखाधड़ी और कानूनी विवादों पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल भी है। संपत्ति की खरीद-फरोख्त किसी भी व्यक्ति के जीवन का सबसे बड़ा वित्तीय निर्णय माना जाता है। इसलिए इस ▶▶ शेष पेज 10 पर

# 11 मंडियों के 259 स्वीकृत में वर्षों से 147 कर्मियों का पद रिक्त

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के सातों जिलों में 11 मंडियों के लिए वर्ष 2008-09 में सेटअप के अनुसार 259 अधिकारी एवं कर्मचारियों का पद स्वीकृत है, जिसमें से वर्तमान में 112 पद भरे और 147 पद रिक्त है। इसके चलते अधिकारी के निर्देश पर एक-एक कर्मचारियों को 3-4 शाखा का कार्य कर रहे हैं। मंडी जगदलपुर में 47 स्वीकृत पद, 24 रिक्त, कोंडागांव में 21 स्वीकृत, 9 रिक्त, केशकाल में 21 स्वीकृत, 7 रिक्त, कांकेर में 21 स्वीकृत, 12 रिक्त, चारामा में 21 स्वीकृत, 14 रिक्त, संबंलपुर में 21 स्वीकृत, 15 रिक्त, पंखाजुर में 16 स्वीकृत, 10 रिक्त, गीदम में 21 स्वीकृत, 13 रिक्त, कोंटा में 20 स्वीकृत, 13 रिक्त, नारायणपुर में 35 स्वीकृत, 22 रिक्त एवं बीजापुर में 15 स्वीकृत, 8 रिक्त पद हैं। कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंडियों में रिक्त पदों की जानकारी हर महीने मुख्यालय को भेजा जाता है, पर रिक्त पदो पर ध्यान नहीं है।



# संगठनात्मक मजबूती से कार्यक्रम को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- शासकीय काकतीय कालेज में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम

शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर कालेज में 24 मार्च से 30 मार्च तक सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।एफडीपी का मुख्य विषय अनुसंधान पद्धति के कौशल एवं बौद्धिक संपदा अधिकार संरक्षण की समझ रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों,शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों में अनुसंधान क्षमता,वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम के विभिन्न दिनों में देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों द्वारा शोध पद्धति,आईपीआर,डेटा विश्लेषण,शोध लेखन एवं अनुसंधान अनुदान जैसे विषयों पर विस्तारपूर्वक व्याख्यान दिए गए। आगामी बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन करते हुए जिम्मेदारियों का स्पष्ट बंटवारा किया गया है। प्रत्येक समिति को उनके कार्य के अनुसार दायित्व सौंपे गए हैं, ताकि आयोजन के हर पहलू को व्यवस्थित और प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। आयोजन समिति द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ▶▶ शेष पेज 10 पर



### सक्रिय सदस्यों को समिति में किया शामिल

इसके लिए अनुभवी और सक्रिय सदस्यों को समितियों में शामिल किया गया है,जो अपने-अपने कार्यों में दक्षता के साथ योगदान देंगे। पंजीकरण समिति प्रतिभागियों के आगमन से लेकर उनकी जानकारी के संकलन तक की जिम्मेदारी संभालेगी,वहीं प्रमाणपत्र समिति आयोजन के बाद प्रमाणपत्र वितरण की प्रक्रिया को सुचारू बनाएगी। मंच प्रबंधन एवं एंकरिंग समिति कार्यक्रम के संचालन को आकर्षक और व्यवस्थित बनाने का कार्य करेगी।

## माओवादी तंत्र अंतिम सांसों पर, स्थायी शांति एवं विकास की ओर बढ़ता बस्तर

# साकार हो रहा नक्सल-मुक्त बस्तर का सपना, माओवादी संगठन की ताकत खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- मिशन 2026 निर्णायक उपलब्धियों से नक्सलवाद की समाप्ति की ओर

माओवादी संगठनों के आर्थिक स्त्रोत, लड़ने की क्षमता समाप्त हो गई है। संगठन अब नेतृत्वविहीन हो गया है। बड़े नक्सली मारे गए या सरेंडर कर दिया है। एक माह में 170 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। नकद, सोना सहित 18 करोड़ से अधिक की संपत्ति बरामद की गई है। एके 47, इंसास सहित अन्य हथियार बरामद किए गए हैं। यह सब डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर, सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीएसफ ने स्थानीय प्रशासन तथा अन्य सभी हितधारकों के साथ समन्वित प्रयास करते हुए असंभव को संभव कर दिखाया है। नक्सल-मुक्त बस्तर का लक्ष्य साकार हो रहा है। बस्तर संभाग में पिछले 31 दिनों की उपलब्धियों ने स्पष्ट कर दिया है कि मिशन 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। बस्तर संभाग में एक महीने में 170 माओवादी कैडरों की मुख्यधारा में वापसी, विभिन्न जिलों में ▶▶ शेष पेज 10 पर





### डंप से भारी आर्थिक संसाधन बरामद

पिछले 31 दिनों में 6.75 करोड़ नकद तथा 8 किलोग्राम सोना 12 करोड़ से अधिक मूल्य की बरामदगी माओवादी तंत्र के आर्थिक आधार के कमजोर होने का स्पष्ट संकेत है। नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में एक ही महीने की अवधि में इतनी बड़ी नकदी और सोने की बरामदगी एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान है।

### ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा बस्तर

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टिलिंगम ने कहा कि मिशन 2026 के तहत बस्तर आज एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। लंबे समय तक हिंसा और भय के साये में रहा यह क्षेत्र अब शांति, विश्वास और विकास की नई दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा बलों, स्थानीय प्रशासन और बस्तर की जनता के संयुक्त संकल्प ने नक्सल-मुक्त बस्तर के लक्ष्य को लगभग साकार कर दिया है। अब बस्तर स्थायी शांति, प्रगति और जनविश्वास के एक नए अध्याय की ओर आत्मविश्वास के साथ अग्रसर है।

# शहर में स्थापित होगी सरदार पटेल की प्रतिमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- गुजराती समाज ने किया सम्मान सर्वसम्मति से पारित हुआ प्रस्ताव

नगर पालिक निगम के वार्षिक बजट में भारतवर्ष के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को जगदलपुर शहर में स्थापित किए जाने का महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के उपलक्ष्य में गुजराती समाज के पदाधिकारियों ने नगर निगम कार्यालय पहुंचकर महापौर का शॉल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरदार पटेल देश की एकता,अखंडता और दृढ़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी प्रतिमा की स्थापना से शहरवासियों, विशेषकर युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और राष्ट्रीय एकता का संदेश सशक्त रूप से प्रसारित होगा। नगर निगम कार्यालय में महापौर सहित निगम के जनप्रतिनिधियों ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### गारका सबस्टेशन क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिए रोस्टर जारी

**कोण्डागांव।** जिले में विद्युत आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर जारी किया गया है। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार इस रोस्टर के अनुसार विभिन्न सब–स्टेशनों एवं फीडरों में निर्धारित समय के अनुसार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। गारका सबस्टेशन अंतर्गत बहीगांव एवं अरण्डी फीडर में सुबह 9 से 12 बजे तक बिजली चालू रहेगी, दोपहर 12 से 3 बजे तक बंद रहेगी तथा शाम 3 से 6 और रात 6 से 10 बजे तक पुनः आपूर्ति चालू रहेगी। वहीं धनोरा फीडर में सुबह 9 से 12 बजे तक बिजली बंद, दोपहर 12 से 3 बजे तक चालू, शाम 3 से 6 बजे तक बंद और रात 6 से 10 बजे तक चालू रहेगी। रोस्टर के अनुसार बहीगांव, अरंडी, धनोरा सहित कई ग्राम पंचायतों और बस्तियों में यह व्यवस्था लागू होगी। इससे उपभोक्ताओं को पूर्व निर्धारित समय के अनुसार बिजली मिलने में सुविधा होगी। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति केवल घरेलू उपयोग के लिए रहेगी। इस दौरान कृषि पंपों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

### राजस्व पखवाड़ा का शुभारंभ गांव गांव में लगाए राजस्व शिविर

कोण्डागांव। जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में जिले की विभिन्न तहसीलों के ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा। कोंडागांव, मर्दापाल, माकड़ी, फरसगांव, केशकाल एवं धनोरा तहसील के अनेक ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। विवादित नामांतरण, खाता विभाजन एवं अभिलेख त्रुटियों से जुड़े मामलों का भी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर स्थल पर ही बी–1, खसरा, किसान किताब के आवेदनों का निराकरण कर दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे।

# बंगोली में दो परिवार के 6 सदस्यों ने की मूल धर्म में वापसी, खुशी का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिले के फ़रसगांव विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बंगोली में दो परिवार के छह सदस्यों की अपने मूल धर्म में वापसी हुई हैं। जिसके बाद अब पूरे गांव में ऐतिहासिक व खुशी का माहौल है। बंगोली सरपंच हीरालाल नेताम ने बताया गाँव की सुकबती बघेल पति स्व. आयतु राम बघेल और उसका बेटा संजय बघेल, गोविंद बघेल और बेटी कौशल्या बघेल यह सभी एक साथ पहले धर्मान्तरित हुए थे। गाँव के ही सतवन शोरी पिता मस्सु राम शोरी और उसकी पत्नी विनीता शोरी विगत तीन वर्षों से ईसाई धर्म में शामिल हुए थे। गांव में आयोजित एक सामाजिक बैठक के दौरान परिवारों ने सार्वजनिक रूप से अपने मूल धर्म में लौटने की घोषणा की। इसके बाद ग्रामीणों ने विधि-विधान के साथ मंगलवार को सभी सदस्यों की घर वापसी कराई। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले इन परिवारों को इलाज के नाम पर भ्रमित कर धर्म परिवर्तन कराया गया था। हालांकि अब परिवारों ने अपनी इच्छा से वापस लौटने का फैसला लिया। इस दौरान ग्राम गायता पंचू राम नेताम, पुजारी शिवचंद भोयर, पटेल रामजी शोरी, ग्राम पंचायत बंगोली सरपंच हीरालाल नेताम उप सरपंच सुकमन मरकाम, ग्राम प्रमुख सुकमन पुजारी, सुखसिंह नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सामाजिक बैठक में परिवारों ने की लौटने की सार्वजनिक रूप से घोषणा



### गांव में अब कोई मतांतरित नहीं: सरपंच

ग्राम सरपंच हीरालाल ने बताया कि "हम सब मिलकर अपनी परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाना चाहते हैं, इसलिए सभी ने मिलकर इन परिवारों की घर वापसी करवाई। गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर बिना किसी दबाव के शांति पूर्वक हिंदू रीति रिवाज से मूल धर्म में वापसी किए हैं। फिलहाल गांव में माहौल पूरी तरह शांतिपूर्ण है और लोग सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की बात कह रहे हैं। गांव की जनसंख्या 1700 के लगभग है, अब गांव में कोई भी मतांतरित परिवार नहीं है।

## जिले के लिए 7 बेसिक और एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट से लैस एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी

# शहरी क्षेत्र में 15 मिनट तो ग्रामीण इलाकों में 30 मिनट में पहुंचेगी एडवांस्ड एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल से जिले में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एम्बुलेंस सेवाओं का विस्तार किया गया। इस क्रम में 6 बेसिक लाइफ सपोर्ट एवं 1 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस सहित कुल 7 एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल एवं उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एम्बुलेंस को रवाना किया।



### आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अब हो जाएगी सुदृढ़

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने कहा कि नई एंबुलेंस सुविधा से दूरस्थ अंचलों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदृढ़ होगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने नए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के उद्देश्य से और स्थानीय विधायक सुश्री लता उसेंडी के सतत प्रयासों से यह जिले को यह सौगात मिली है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले को 9 एंबुलेंस की सौगात पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।



### नवजात शिशुओं के लिए भी व्यवस्था

नई एम्बुलेंस सेवाओं के शुरू होने से दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। शहरी क्षेत्रों में 15 मिनट और ग्रामीण में 30 मिनट के भीतर सेवा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल के तहत पहली बार नियोनेटल एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की शुरुआत की गई है, जो नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह सेवा चलते–फिरते नवजात आईसीयू के रूप में कार्य करेगी।

### आधुनिक उपकरणों से लैस एंबुलेंस

एम्बुलेंस में वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, इन्क्यूबेटर, ऑक्सीजन सपोर्ट, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर, नेब्युलाइजर सहित कई जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें प्रशिक्षित नवजात इमरजेंसी तकनीशियन, 24×7 ईएमटी एवं पायलट की उपलब्धता के साथ विशेषज्ञ चिकित्सक का ऑनलाइन मार्गदर्शन सुनिश्चित किया गया है। इन एम्बुलेंसों में इन्क्यूबेटर, वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर, सिरिंज पंप, नेब्युलाइज़र, सक्शन मशीन, पर्याप्त ऑक्सीजन सपोर्ट एवं 41 प्रकार की आपातकालीन दवाओं सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इन्हें "चलते-फिरते नवजात आईसीयू" के रूप में स्थापित करती हैं। इसके अतिरिक्त बीएलएस एवं एएलएस एम्बुलेंसों में मरीजों को मौके पर ही प्राथमिक एवं उन्नत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए बीपी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीटर, ईसीजी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर जैसी जांच सुविधाओं के साथ ऑक्सीजन सपोर्ट, नेब्युलाइजेशन एवं अन्य आपातकालीन उपचार व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। गंभीर मरीजों के सुरक्षित स्थानांतरण हेतु पोर्टेबल वेंटिलेटर, डिफिब्रिलेटर मॉनिटर, सिरिंज पंप, लैरिंजोस्कोप सहित अन्य उन्नत उपकरण भी उपलब्ध कराए गए हैं।

# पेड़ों के बीच हवा में अटकी कार, बाल-बाल बचे सवार युवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर सारबेडा के पास बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार उछलकर दो पेड़ों के बीच हवा में ही अटक गई। बताया जा रहा है कि हादसा ओवरटेक के दौरान हुआ। कार में सवार 2-3 युवक भण्डारसिवनी से फरसगांव होते हुए अपने घर लौट रहे थे। तभी अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और यह खौफनाक दृश्य सामने आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार काफी तेज गति में थी और नियंत्रण खोने के कारण सीधे पेड़ से जा भिड़ी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

■ नेशनल हाईवे 30 में रफ्तार व ओवरटेक बन रहा हादसों का कारण

### रफ्तार पर नियंत्रण जरूरी

यह घटना एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सख्त निगरानी और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और सभी युवक पूरी तरह सुरक्षित हैं।




# जनपद पंचायत में किए गए शिक्षा कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद पंचायत में शिक्षा के लिए पंचायत अंतर्गत सहयोग एवं अभिसरण के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद पंचायत के सीईओ उत्तम महोबिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। सीईओ द्वारा शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण–पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक में विकासखंड कोंडागांव के 20 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। बैठक में बेसलाइन एवं एंडलाइन आंकड़ों के आधार पर शिक्षा से जुड़ी उपलब्धियों की समीक्षा की गई। प्रतिभागियों ने समूह चर्चा के जरिए स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप व्यवहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन पिरामल फाउंडेशन टीम के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी पंचायतें अप्रैल माह तक अपनी शिक्षा कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करेंगी। शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।



# मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट को पुनः शुरू करने की उठी मांग

## सीपीआई ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सीपीआई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा मां दंतेश्वरी मक्का प्रोसेसिंग प्लांट से जुड़ी समस्याओं के समाधान एवं बंद पड़े प्लांट को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। सीपीआई कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपते हुए प्लांट को शीघ्र चालू करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि प्लांट बंद होने से स्थानीय किसानों, श्रमिकों और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इससे रोजगार के अवसर भी प्रभावित हुए हैं। सीपीआई ने शासन से मांग की है कि प्लांट से संबंधित सभी समस्याओं का समाधान कर इसे जल्द से जल्द पुनः प्रारंभ किया जाए, ताकि किसानों और श्रमिकों को पुनः लाभ मिल सके।

## पेज 9 के शेष

### महिला सशक्तिकरण....

की दिशा में एक सशक्त कदम" बताया। इस अवसर पर खेलो इंडिया के संचालक मयंक श्रीवास्तव, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, एसडीएम बस्तर गगन शर्मा उपस्थित रहे।

### पहले दिन रायपुर ....

पड़ती थी,जिससे मरीजों, छात्रों और व्यापारियों को काफी फिर नई सेवा के तहत विमान हैदराबाद से सुबह उड़ान भरकर जगदलपुर होते हुए रायपुर पहुंचेगा और वापसी में रायपुर से होते हुए फिर हैदराबाद जाएगा। तय शेड्यूल के अनुसार यह सफर कुछ ही घंटों में पूरा होगा, जिससे पहले की तुलना में यात्रा समय में भारी कमी आएगी। क्यों अहम है यह सेवा परेशानी होती थी। नई फ्लाइट शुरू होने से अब गंभीर मरीजों को बड़े शहरों तक तेजी से पहुंच मिल सकेगी। वहीं पर्यटन विशेषकर चित्रकोट, तीरथगढ़ जैसे स्थलों को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे। विशेषज्ञ मानते हैं कि बेहतर एयर कनेक्टिविटी किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास की रीढ़ होती है। बस्तर में यह कदम उसी दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जनगणना में भेदभाव ....

है कि इससे सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाया जा सकेगा। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर शीघ्र अमल नहीं किया गया तो संपूर्ण पिछड़ा वर्ग समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। उल्लेखनीय है कि इन मांगों को लेकर बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों में जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपे गए हैं।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान बस्तर जिला अध्यक्ष गदाधर वैध,सचिव रोहित यादव,कारिया दीवान, गजेंद्र सोनी,पालन साहू,जागेश्वर धाकड़,प्रदीप बघेल,मन्नू सेन, लछीन यादव,जितेन देवांगन,गणेश राम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### जमीन खरीदी व....

प्रक्रिया में पारदर्शिता, सुरक्षा और विश्वसनीयता का होना अत्यंत आवश्यक है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जमीन-जायदाद से जुड़े फर्जीवाड़े, दोहरी रजिस्ट्री और बेनामी लेनदेन के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए नए नियम तैयार किए गए हैं। यही कारण है कि पिछले वर्ष से इस वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक राजस्व कम हुआ। इसमें वर्ष 2024-25 में अप्रैल से मार्च 2025 तक 3617 दस्तावेज से 37 करोड़ 14 लाख 51 हजार 543 रुपए राजस्व और वर्ष 2025-26 में अप्रैल से मार्च तक 3152 दस्तावेज से 34 करोड़ 68 लाख 26 हजार 249 रुपए राजस्व मिला।

**राजस्व का लक्ष्य नहीं :** वरिष्ठ उप पंजीयक नरेन्द्र सिंह नाग ने बताया कि वर्ष 2026-27 में अब तक राजस्व का लक्ष्य नहीं दिया। उप पंजीयक कार्यालय भवन में बैठने की बेहतर व्यवस्था, पार्किंग और आधुनिक सुविधाएं हैं, इससे पंजीकरण अब सरल और पारदर्शी हो गया है।

### संगठनात्मक मजबूती....

पंजीकरण से लेकर मंच संचालन, मीडिया समन्वय,आवास, परिवहन और खानपान तक सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहें।

**कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को पहुचाएंगे:** प्रेस एवं मीडिया समिति आयोजन की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करेगी,जिससे कार्यक्रम की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। आवास एवं परिवहन समिति बाहर से आने वाले अतिथियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखेगी। इस तरह सभी समितियों के बीच बेहतर समन्वय और जिम्मेदारियों के स्पष्ट निर्धारण से आयोजन को सफल और यादगार बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।

### साकार हो रहा नक्सल....

बड़ी संख्या में कैडरों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर समाज के साथ जुड़ने का निर्णय लिया। बस्तर रेंज के शेष बचे वरिष्ठ माओवादी कैडर डीकेएसजेडसीएम पापाराव सहित कई डीवीसीएम स्तर के कैडरों के आत्मसमर्पण से संगठन की नेतृत्व संरचना पूर्ण रूप से निष्क्रिय हो चुकी है। इसमें 343 से अधिक घातक हथियार बरामद, एके-47, इंसास, एसएलआर, बीजीएल लांचर और एलएमजी जैसे हथियारों की बड़ी बरामदगी ने माओवादी सैन्य क्षमता को लगभग समाप्त कर दिया है। पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन का व्यापक प्रभाव से बड़ी संख्या में भटके माओवादी कैडर हिंसा छोड़कर सम्मानजनक जीवन की ओर लौट रहे हैं। साथ ही 27 महीनों में 2700 से अधिक माओवादी पुनर्वासित से यह आंकड़ा बस्तर में स्थायी शांति और विश्वास के वातावरण को दर्शाता है। निर्णायक सुरक्षा अभियानों, लगातार आत्मसमर्पण, हथियार बरामदगी और डंप रिकवरी से संगठन की संरचना और लड़ाकू क्षमता लगभग समाप्त हो चुकी है। शासन की मंशानुरूप सुरक्षा बलों, स्थानीय प्रशासन, स्थानीय जनता और सभी संबंधित हितधारकों के संयुक्त प्रयासों से नक्सल-मुक्त बस्तर का लक्ष्य अब केवल औपचारिक पूर्णता की ओर अग्रसर है।

### शहर में स्थापित....

ने समाज के सदस्यों के साथ प्रस्तावित स्थल को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। बैठक में प्रतिमा के लिए उपयुक्त स्थान, सौंदर्यीकरण, पहुंच मार्ग तथा आसपास की आवश्यक सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया गया। समाज के पदाधिकारियों ने अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन पर सकारात्मक सहमति बनी। महापौर संजय पांडे ने कहा कि प्रस्ताव को शीघ्र अमलीजामा पहनाने के लिए संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं तकनीकी अमले के साथ विस्तृत चर्चा कर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा शहर की पहचान को नई ऊंचाई देगी और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करेगी।

**ये रहे उपस्थित :** इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं समाज के पदाधिकारियों में एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, गुजराती समाज के अध्यक्ष अनिल भाई पटेल, जयेश संघाणी, जयंत सोनी,नरेंद्र मोतीवाला, हरीश कोठारी, महेंद्र भानूशाली, विकास चौहान, विपिन जोबनपुत्रा, हितेश पटेल,उमेश भानूशाली, विकास चावड़ा, देवेश सोनी, धवल जोबनपुत्रा, अभीष्ट ठक्कर सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## एक मंडप में एक दूल्हा के दो दुल्हन से विवाह पर विवाद जारी

# सर्वआदिवासी समाज ने जांच व कार्रवाई के लिए दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

जिले में एक अनोखी शादी का मामला सामने आने के बाद सामाजिक विवाद गहराता जा रहा है। ग्राम बैलगांव में एक दूल्हे द्वारा दो दुल्हनों से एक मेडप में फेरे लेकर विवाह करने की घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसके बाद इस पर सर्व आदिवासी समाज की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। 1 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव ने भी फरसगांव तहसीलदार कार्यालय पहुंच तहसीलदार को जांच और कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है. समाज के पदाधिकारियों ने इस तरह के विवाह को सामाजिक परंपराओं और मान्यताओं के खिलाफ बताया और इसे गलत ठहराया। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की जांच की जाए और यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष पनकुराम नेताम ने कहा कि आदिवासी समाज में विवाह की अपनी परंपराएं और नियम होते हैं, जिनका पालन करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज की मर्यादा और परंपराओं के विपरीत हैं।



### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव जिलाध्यक्ष पनकुराम नेताम, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक फरसगांव अध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज कोंडागांव ब्लॉक अध्यक्ष सोनधर नेताम, भण्डारवंडी सरपंच लेखराज नेताम, सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक फरसगांव उपाध्यक्ष नन्द कुमार प्रधान, समेत अन्य मौजूद रहे।

# नक्सल प्रभावित सालातोंग में बहने लगी विकास की धारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन ने सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित ग्राम सालातोंग में बदलाव की नई इबारत लिख दी है। 15 अगस्त 2019 को शुरू किए गए इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन न्यूनतम 55 लीटर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में इसी लक्ष्य को साकार करते हुए नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत कोंटा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम सालातोंग में अब हर घर तक नल से स्वच्छ पानी पहुंच रहा है।

- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीणों को मिला पेयजल संकट से मुक्ति

ग्राम सालातोंग, जो कोंटा से लगभग 100 किमी तथा जिला मुख्यालय सुकमा से 90 किमी दूर स्थित है, लंबे समय तक नक्सल समस्या और पेयजल संकट से जूझता रहा। गांव के लगभग 80 घरों के लोग पीने और घरेलू उपयोग के लिए एक छोटे नाले पर निर्भर थे। गर्मी के मौसम में जब महीनों तक बारिश नहीं होती थी, तब नाले का जलस्तर इतना घट जाता था कि ग्रामीणों को बेहद सीमित मात्रा में पानी निकालना पड़ता था। कई बार पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को विशेष परेशानी होती थी। अब जल जीवन मिशन के माध्यम



से गांव में 100 नल कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य तेजी से किया गया, जिससे ग्रामीणों को घर बैठे शुद्ध जल उपलब्ध होने लगा है। मिशन के लागू होने के बाद गांव में न केवल जल संकट दूर हुआ, बल्कि स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता से स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। जलजनित बीमारियों में कमी आई है और ग्रामीणों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।

जल जीवन मिशन के तहत सालातोंग में जल संरक्षण और जल सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। गांव के जल स्त्रोतों सोलर आधारित सिस्टम एवं हैंडपंप का नियमित रूप से जल गुणवत्ता परीक्षण किया जा रहा है। इस कार्य में जल बहिनियाँ भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं, जिनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और गांव की शिक्षित महिलाएं शामिल हैं। इन्हें जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण देकर सशक्त बनाया गया है, ताकि वे स्वयं पानी की जांच कर ग्रामीणों को सुरक्षित जल उपलब्धता सुनिश्चित कर सकें।

ग्रामीणों ने इस मिशन के लिए मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ता, घर में नल से पानी मिल रहा है, जिससे हमारा जीवन आसान और सुरक्षित हुआ है। जल जीवन मिशन ने सालातोंग में स्वच्छ जल पहुंचाकर यह साबित कर दिया है कि सरकार की योजनाएं जब जमीन पर उतरती हैं, तो दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी विकास की नई रोशनी पहुंचती है।

## खबर संक्षेप

### राम नवमी मेला में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**मददेड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मददेड में नौ दिनों तक श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाए गए चैत्र नवरात्रि एवं राम नवमी मेला का समापन बड़े ही धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किए। मेला परिसर में अंतिम दिन विशेष पूजा-अर्चना, कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज़ के ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंचे। राम नवमी के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की झांकियां श्रद्धालुओं का मन मोह रही थीं। मेला के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा विशेष इंतजाम किए गए थे।

### गैस, पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई

**दंतेवाड़ा।** जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी आवश्यक ईंधनों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा नियमित रूप से आपूर्ति भी जारी है। वर्तमान में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का लगभग 1000 नग स्टॉक उपलब्ध है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि गैस, पेट्रोल या डीजल की कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा जबरन स्टॉक करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराहट में अनावश्यक बुकिंग न करें और ईंधन का सिमित उपयोग करें।

## विधायक की पदयात्रा में बड़ी संख्या में जुट रहे लोग

# ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क पर उतरे लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा




बस्तर जिला की जनसमस्याओं को लेकर आज एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल स्वयं जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। यह पदयात्रा लगातार व्यापक रूप लेती जा रही है और

- समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा

जैसे-जैसे कारवां आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग जुड़ते जा रहे हैं।

पदयात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों में विधायक का स्थानीय माता-बहनों, ग्राम प्रमुखों एवं ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जा रहा हैं, जगह-जगह पदयात्रियों का अभिनंदन किया जा रहा हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में जनसमर्थन का उत्साह स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा हैं। ग्रामीण विधायक के इस पहल को काफी सराहना कर रहे है और समस्याओं के समाधान की दिशा में एक मजबूत कदम मान रहे हैं।

इस अवसर पर विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि यह पदयात्रा केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि बस्तर जिला की जनता की आवाज है। इस यात्रा के माध्यम से वे सीधे ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी भावनाओं, परेशानियों एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को सुन रहे हैं उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की प्रमुख मांगों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा और उनके समाधान हेतु हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

बघेल ने वर्तमान सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में लोगों को आज भी सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है। कई बार शासन-प्रशासन को इन समस्याओं से अवगत कराने के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहे है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

विधायक ने कहा कि पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बस्तर जिला की मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाना और शासन-प्रशासन को जनभावनाओं से अवगत कराना है यदि जल्द ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं, जिनमें पेयजल संकट, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, राशन वितरण में अनियमितता एवं रोजगार की समस्या प्रमुख रूप से शामिल रही। विधायक ने सभी मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने और समाधान सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

# छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हो रहा है हनन: कृष्णा

## राज्यपाल के नाम पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा



प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की बहाली को लेकर एनएसयुआई ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन के अध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने पांच सुत्रीय मांगो लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की।

- छात्र संघ चुनाव को लेकर एनएसयुआई ने खोला मोर्चा

प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए एनएसयुआई के जिला अध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने कहा कि हम प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं विगत कई वर्षो से छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जाने के कारण छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का लगातार हनन हो रहा है यह स्थिति छात्रों की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है, जिसे अब छात्र संगठन अब किसी भी स्थिति में स्वीकार करने को तैयार नही है।

### छात्रों के अधिकार सम्मान और भागीदारी है चुनाव

कृष्णा ठाकुर ने कहा कि छात्र संघ चुनाव केवल एक प्रक्रिया नही, बल्कि छात्रों के अधिकार, सम्मान और भागीदारी की बुनियाद है। इसके माध्यम से छात्रों के नेतृत्व, जिम्मेदारी एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुभव प्राप्त होता है। वर्तमान में चुनाव नहीं होने से छात्रों की समस्याएं प्रभावी रूप से प्रशासन तक नहीं पहुच पा रही है।

### ये है प्रमुख मांगें

प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली की जाएं जिससे छात्र संघ चुनाव निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से कराए जाएं। साथ ही चुनाव कार्यक्रम तिथि एवं प्रक्रिया की शीघ्र घोषणा की जाएं। छात्र हितों की रक्षा हेतु छात्र प्रतिनिधियों को अधिकार एवं मान्यता दी जाए। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए छात्र संघ व्यवस्था को पूनः लागू किया जाए।

### अन्यथा होगा चरणबद्ध आंदोलन

एनएसयुआई के जिलाध्यक्ष ने कहा कि छात्रो को अधिकारों एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु तत्काल आवश्यक निर्देश जारी कर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की कृपा करें। अन्यथा, छात्र संगठन अपने अधिकारों के लिए चरणबद्ध आदोलन को और उग्र करने हेतु बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# नक्सल मुक्त होने पर शहीदों को दी श्रद्धाजंलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहंडीगुड़ा



छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर 1 अप्रैल को शहीद स्व. मुरली तिवारी थाना लोहंडीगुड़ा व वीर जवानों की शहादत को नमन करते हुए श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सुरक्षा बलों के सर्वोच्च बलिदान और नक्सलवाद के खात्मे की ऐतिहासिक सफलता को समर्पित है।

प्रदेश नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद लोगों ने बुधवार को खुशियां मनाई। भाजयुमो के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप ने कहा प्रदेश नक्सल मुक्त होने से इसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा। नक्सलियों के आत्मसमर्पण के चलते सरकार को गांव तक विकास को पहुंचने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। श्रद्धांजलि सभा में मंडल अध्यक्ष मंगतू कश्यप,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सावेंद्र सेठिया, बाल सिंह ठाकुर, तुलसी सिंह, विजय गुप्ता, लखन ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर, प्रेम लाल यादव, गुड्डू कश्यप,चैंतन ग्वाल, शिवनंदन, उमेंद्र ठाकुर, हरिराम नाग, डमरू कश्यप, लोहण्डीगुड़ा थाना प्रभारी रवि कुमार बैगा मौजूद रहे।

# नक्सल हिंसा के शहीदों को दीप प्रज्वलित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक में नक्सल हिंसा में शहीद हुए वीर जवानों, ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों को दिप प्रज्वलित कर एवं मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने नक्सल मुक्त भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं उनकी पूरी सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजयुमो निलाध्यक्ष राहुल असरानी ने कहा कि देश अब नक्सल मुक्त हो गया है इसके लिए हमारे सैकड़ों जवानों ने अपनी शहादत दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के दृढ़ ईच्छाशक्ति एवं संकल्प एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लगातार प्रयासों से यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल मुक्त होने की ऐतिहासिक अवसर पर जिला मुख्यालयों में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि एवं दीपदान कार्यक्रम आज जयस्तंभ चौक दंतेवाड़ा में किया गया है।

# अंबेडकर जयंती पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



मंगल भवन बीजापुर में वर्ष 2026 अंबेडकर जयंती के आयोजन हेतु सर्व समाज बीजापुर की बैठक रखी गई। जिसमें सर्व सहमति से आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमें तय किया गया कि सभी समाजों के जिलाध्यक्ष समिति के संरक्षक होंगे साथ ही अंबेडकर आयोजन समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष सकनी चंद्रैया, उपाध्यक्ष आदिनारायण पुजारी, कमलेश पैकरा, जुलियस तिर्की, सुशील हेमला, कामेश्वर दुब्बा, अशोक तलाण्डी, बी माधव राव, सुदेश गुरला, सचिव अमित कोरसा, सह सचिव राजेश धृतलहरे, एजाज सिद्धीकी, कोषाध्यक्ष बसंत मामड़ीकर, उपकोषाध्यक्ष जगबँधु माँझी, मीडिया प्रभारी कैलाश रामटेके एवं सतीश मण्डावी चुने गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि सर्व समाज के सदस्य एवं युवा कार्यकारणी सदस्य होंगे। रैली एवं सभा के साथ ही साँस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गाँवों एवं ब्लाक मुख्यालयों में प्रथम पहर मे आयोजन के बाद द्वितीय पहर मे सभी ग्राम एवं विकासखण्ड के लोग जिला मुख्यालय के जयंती समारोह में शामिल होंगे।

# स्पाक टीवीएस के मेगा लक्की ड्रॉ विजेताओं को मिले पुरस्कार

## बिजनेस साइट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर










मंगलवार शाम को जगदलपुर ऑटोमोबाइल सेगमेंट में जुड़े नए अध्याय स्पाक टीवीएस का मेगा लक्की ड्रॉ का आयोजन आकाशवाणी रोड स्थित शोरूम में किया गया। मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर संजय पांडे के हाथों स्पॉक टीवीएस के मेगा लक्की ड्रॉ के विजेताओं के कूपन निकाले गए।

प्रथम पुरस्कार एयर कंडीशनर रानू साहा, द्वितीय पुरस्कार एलईडी साधना गुप्ता एवं तृतीय पुरस्कार

- प्रथम पुरस्कार रानू साहा को तो तृतीय खुशबू गोलछा को मिला

रेफ्रिजरेटर खुशबू गुप्ता के नाम निकला। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह राणा एवं लक्ष्मण झा, पार्षद पारुल बोथरा, क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष कैलाश चौहान, शक्ति सिंह चौहान एवं शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों के हाथों विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। तीन प्रमुख पुरस्कारों के अलावा 20 ग्राहकों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

संचालक संजीव कपूर एवं अक्षत कपूर ने बताया कि स्पाक टीवीएस ने जगदलपुर के ग्राहकों के लिए शुभारंभ से पूर्व ही ऑफर का पिटारा खोलते हुए प्रत्येक ग्राहक के लिए मेगा लक्की ड्रॉ में शामिल होने का मौका दिया था। प्री बुकिंग ऑफर के तहत वाहनों की बुकिंग कराने पर ग्राहकों को एक से तीन हजार तक का डिस्काउंट, एक हजार रुपए तक का फ्यूल वाउचर, हर खरीदी पर निश्चित इनाम के साथ मेगा लक्की ड्रॉ में शामिल होने का ऑफर भी दिया गया। यह योजना 31 मार्च की शाम 5 बजे तक की खरीदी पर थी। इसी दिन संध्या 6 बजे सभी ग्राहकों की मौजूदगी में लक्की ड्रॉ के माध्यम से कूपन निकाले गए एवं भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोंटा



भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दो प्रशिक्षण वर्ग कोंटा मंडल में संपन्न कराया गया। कोंटा भाजपा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में कराए गए इस प्रशिक्षण वर्ग अभियान की शुरुआत 30 मार्च से 31 मार्च तक सामुदायिक भवन कोंटा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन हुआ। तत्पश्चात महिला मोर्चा की दीदियों ने तिलक कर सभी का स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी, मोर्चों के जिला पदाधिकारी तथा प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारी 8 शक्तिकेंद्रों के प्रभारी, संयोजक सह-संयोजक, 42 बूथ अध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बीएलओ शामिल हुए। प्रशिक्षण में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका, और सरकार की योजनाओं पर चर्चा हुई। समापन पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यों को गति देने का आह्वान किया गया। कोंटा में भाजपा की दो दिवसीय 24 घंटे प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान में कुल नव सत्र बनाए गए थे। जिसमें प्रथम दिन के सत्र में छह सत्र तथा द्वितीय दिन में तीन सत्र चले। जिसमें अलग-अलग वक्ताओं ने वैचारिक अधिष्ठान एकात्म मानव दर्शन सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पंच निष्ठाएं सहित इतिहास विकास कार्य विस्तार की दुष्टि कार्य पद्दति कार्यकर्ता संभल सोसल मिडिया मीडिया संगठन के लिए सहारात्मक परसेप्शन निर्माण गरीब कल्याण योजनाएं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका इत्यादी सहित बूथ प्रबंधन मन की बात बूथ स्थायी कार्यक्रम के साथ नवम वक्ता भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे मार्गदर्शित संबोधन के साथ समापन हुआ। विभिन्न भाजपा मोर्चा के पदाधिकारियों में चले अलग-अलग सत्रों के वक्ताओं के तौर पर कोंटा नगर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ वक्ता नूपुर वैदिक, विश्वराज सिंह चौहान, श्रीमती पार्वती प्रधानी, हुंगाराम मरकाम, संजय सोड़ी, आयताराम मण्डावी, धनीराम बारसे विशेष तौर पर शामिल रहे। प्रशिक्षण वर्ग के इस दीनदयाल उपाध्याय महाअभियान में सुचारू रूप से विभिन्न कार्यों पर जुटे सभी कार्यकर्ताओं को सभी मुख्यअतिथियों के हाथ कोंटा भाजपा मंडल द्वारा सम्मान भी कराया गया।

### सेवारत शिक्षकों को टीईटी से छूट का शालेय शिक्षक संघ ने किया स्वागत

**गीदम।** राज्यसभा में प्रस्तुत सेवारत शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान किए जाने संबंधी संशोधन विधेयक का



शालेय शिक्षक संघ ने स्वागत करते हुए इसे शिक्षकों के अर्जित सेवा अधिकारों, पदोन्नति, वरिष्ठता तथा सेवा सुरक्षा की रक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक और न्यायपूर्ण पहल बताया है। संघ ने कहा कि लंबे समय से यह मांग उठाई जाती रही है कि आरटीई एक्ट 2009 से पूर्व वैध नियमों एवं चयन प्रक्रिया के तहत नियुक्त शिक्षकों पर बाद में लागू की गई टीईटी जैसी अतिरिक्त योग्यता को पिछली तिथि से लागू करना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सेवा न्याय और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के भी प्रतिकूल है।

### प्राकृतिक खेती पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**दंतेवाड़ा।** कृषि विज्ञान केंद्र दंतेवाड़ा द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों हारम, भूतपदर, पुरनतराई, गाटम एवं श्यामगिरी में 28, 30 एवं 31 मार्च को प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती की उन्नत तकनीकों, कम लागत में अधिक उत्पादन तथा रासायनिक उर्वरकों के विकल्पों के बारे में जागरूक करना था।



## खबर संक्षेप

### बुढ़ेश्वर चौक पर आज मनाएंगे वीर हनुमान जन्मोत्सव

रायपुर। देशभर में 2 अप्रैल को श्रीहनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले इस पर्व पर मंदिरों में भव्य सजावट, शोभायात्रा, सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या और विशेष भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं, जहां भक्त हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इसी कड़ी में बुढ़ेश्वर चौक स्थित श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी दौरान जन्म उत्सव आरती सुबह 5 बजे एवं दैनिक आरती सुबह 8 बजे होगी। इसके अलावा भोग, राग, आरती दोपहर 12 बजे एवं महाआरती रात्रि 8 बजे श्रीसंकटमोचन वीर हनुमान मंदिर प्रांगण में की जाएगी। मंदिर के पुजारी राजेश शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रीसंकटमोचन वीर हनुमानजी का दर्शन लाभ लें एवं अपने जीवन को सार्थक बनाएं।

### पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड में कांग्रेसियों की बैठक

रायपुर। संगठन सृजन के तहत शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड क्रमांक 9 में मंगलवार को वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी का गठन के लिए बैठक की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने एवं वार्ड कमेटी बूथ कमेटी गठन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। यह बैठक वरिष्ठ वार्ड पर्यवेक्षक प्रकाश रामटेके, सह पर्यवेक्षक दीपक चौबे के नेतृत्व में की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विजय टंडन, ब्लॉक प्रभारी सुरेश धीवर, ब्लॉक सह प्रभारी सतबीर सिंह, गावेश साहू एवं वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में पहुंची

# आदिवासी प्रतिभाओं को मिल रहा राष्ट्रीय मंच : खडसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर






केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने मंगलवार की शाम धरमपुरा क्रीडा परिसर में आयोजित खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में आयोजित प्रतियोगिता स्थल का दौरा किया। उन्होंने इस आयोजन को आदिवासी

- जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मार्ग होगा आसान
- केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रतिस्पर्धा का किया अवलोकन

सशक्तिकरण, जमीनी स्तर पर प्रतिभा खोज और खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस प्रथम संस्करण में लगभग 3,800 प्रतिभागी जिसमें खिलाड़ी, कोच और अधिकारी शामिल हैं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 9 खेल विधाएं शामिल हैं, जिनमें 7 पदक खेल और 2 प्रदर्शन खेल हैं, जबकि कुल 106 स्वर्ण पदकों के लिए मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता का शुभंकर 'मोरवीर' आदिवासी समाज के साहस, गर्व और वीरता का प्रतीक है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता का सशक्त साधन है। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स एक सामाजिक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य देश की खेल विरासत को पुनर्जीवित करना, आदिवासी युवाओं को अवसर देना और हर गांव से चैंपियन तैयार करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वर्ष 2036 ओलंपिक तक शीर्ष-10 खेल राष्ट्र बनने और 'विकसित भारत 2047' तक शीर्ष-5 में शामिल होने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। इस दिशा में खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स जैसी पहल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री खडसे ने बस्तर ओलंपिक और सरगुजा ओलंपिक जैसे आयोजनों का जिक्र करते हुए कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में पहले से ही खेलों की मजबूत परंपरा मौजूद है, जिसे यह प्रतियोगिता एक संगठित मंच प्रदान कर रही है। महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने 'अस्मिता लीग' की सफलता का उल्लेख किया, जिसके अंतर्गत 124 लोगों में लगभग 14,000 बालिकाओं ने फुटबॉल और हॉकी जैसे खेलों में हिस्सा लिया है, जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की भागीदारी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के कोच सभी प्रतियोगिता स्थलों पर तैनात हैं, जो उभरती प्रतिभाओं की पहचान कर रहे हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सीधे खेलो इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा, जिससे जमीनी स्तर से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का मार्ग आसान होगा।

भारत की प्राचीन खेल परंपरा का उल्लेख करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आदिवासी समुदाय सदियों से तीरंदाजी जैसे पारंपरिक खेलों में अग्रणी रहा है और यह आयोजन उनकी इस समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रतिस्पर्धा का अवलोकन करते हुए, विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण भी किया। वहीं उन्होंने धरमपुरा क्रीडा परिसर में खिलाड़ियों के लिए आवास और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। साथ ही इस दौरान जिला प्रशासन के द्वारा लगाई गई महिला समूह के उत्पादों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया ।

## नक्सलमुक्त भारत का उदय, बस्तर से विकास की दिव्य प्रभात किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नक्सलमुक्त भारत के संकल्प की सिद्धि पर बस्तर सांसद महेश कश्यप ने देश के नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए इसे राष्ट्र के नवयुग का शुभारंभ बताया है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प, अटूट इच्छाशक्ति और जीरो टॉलरेंस की नीति के परिणामस्वरूप आज बस्तर सहित पूरा देश नक्सलवाद के अंधकार से बाहर निकलकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हुआ है।

उन्होंने कहा कि जो बस्तर कभी रेड कॉरिडोर के नाम से जाना जाता था, आज वही क्षेत्र शांति, विकास और संभावनाओं का प्रतीक बन रहा है। छत्तीसगढ़ की धरती, जो वर्षों तक नक्सलवाद की छाया में रही, अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और केंद्र सरकार के सहयोग से विकास की नवधारा में प्रवाहित हो रही है। बस्तर सांसद ने बताया कि जब मार्च 2026 तक देश को माओवाद से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया, तब कई लोगों ने इस पर संशय व्यक्त किया था। किंतु निरंतर प्रयासों, संवाद और आत्मसमर्पण की नीति के चलते हजारों नक्सलियों ने हथियार छोड़कर मुख्यधारा को अपनाया। साथ ही व्यापक स्तर पर गिरफ्तारी अभियान चलाकर क्षेत्र में शांति स्थापित की गई।

उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को संवारने पर विशेष ध्यान दिया गया है। नई भर्ती प्रक्रियाओं, कौशल विकास योजनाओं तथा खेल आयोजनों के माध्यम से बस्तर के युवाओं को नई दिशा मिली है। 'बस्तर पंडुम' और 'बस्तर ओलंपिक' जैसे आयोजनों ने स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके साथ ही बस्तर की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर अब वैश्विक आकर्षण का केंद्र बन रही है।

## राजस्व पखवाड़े के जरिए सीधे जनता तक पहुंच रहा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहे राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत बस्तर संभाग में जमीनी स्तर पर कार्य तेज हो गया है। इसी तारतम्य

- कमिश्नर ने आड़ावाल और साड़गुड़ राजस्व शिविरों का किया निरीक्षण



में बुधवार को कमिश्नर डोमन सिंह ने ग्राम आड़ावाल और नानगुर तहसील के ग्राम साड़गुड़ में आयोजित विशेष राजस्व शिविरों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शिविर स्थल पर पहुँचकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें, राजस्व संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और आम जनता को सहूलियत प्रदान कर शिविर में ही समाधान उपलब्ध कराया जाए।

कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से अविवादित नामांतरण और बंटवारा के लंबित प्रकरणों पर ध्यान केंद्रित करते हुए इनका समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों की बैठक में उक्त प्रकरणों को मौके पर निराकृत किया जाए। उन्होंने नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता देकर शत-प्रतिशत पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उन्होंने प्रत्येक भूमि स्वामी के खातों में आधार नंबर और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे मिल सके।

कमिश्नर ने ग्रामीणों को राहत पहुँचाने की दिशा में आरबीसी 6-4 के तहत लंबित राहत प्रकरणों का भी त्वरित निपटारा करने को कहा और मौके पर ही खसरा एवं बी-1 जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज प्रदाय करने के निर्देश दिए। शिविर की सार्थकता को बढ़ाने के लिए उन्होंने प्रचार-प्रसार की रणनीति पर बल देते हुए कहा कि किसी भी शिविर के आयोजन से पूर्व संबंधित क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए। इसके लिए उन्होंने मैदानी अमले को सक्रिय रह कर ग्रामीणों को जानकारी देने सहित कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव में मुनादी करवाने की बात कही, ताकि अंतिम छोर के व्यक्ति भी शिविर के माध्यम से लाभान्वित हो सकें। इसके साथ ही शिविर स्थल में फ्लेक्स-बैनर लगाए जाने कहा।

कमिश्नर ने अपने निरीक्षण भ्रमण के दौरान पंचायत पदाधिकारियों सहित पटेल-कोटवार एवं ग्रामीणों से रूबरू होकर पेयजल, बिजली, एवं स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता के बारे में चर्चा की और उचित मूल्य दुकान से नियमित तौर पर खाद्यान्न एवं अन्य सामग्रियों की सुलभता, स्कूल में शिक्षकों की पदस्थापना और सचिव-पटवारी एवं अन्य मैदानी अमले की सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान संबंधित तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## उपकेन्द्र से एक दर्जन गांवों के उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के ग्राम बंडा में बहुप्रतीक्षित उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है। इससे क्षेत्र

- बहुप्रतीक्षित बंडा उपकेन्द्र का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

के लगभग एक दर्जन गांवों के उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, जिससे ग्रामीणों में हर्ष ब्याप्त है। बताया जा रहा है कि विद्युत कंपनी के ठेकेदार 3 वर्ष पूर्व बस्तर संभाग के सुकमा जिले के बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सली दहशत के चलते कार्य बंद कर दिया गया था। विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के कार्यपालन अभियंता सलीम खान ने बताया कि ठेकेदार को निर्देश दिया गया कि बंडा उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शीघ्र ही पूरा करें।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य शुरू किया गया, जो शीघ्र ही पूर्ण होने की संभावना है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया है।

## शांति और विकास का नया अध्याय शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति और 'जीरो टॉलरेंस' की नीति के चलते आज भारत

- केंद्र-राज्य के समन्वित प्रयासों से मिली बड़ी सफलता



नक्सलमुक्त होने की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर चुका है। उन्होंने इस सफलता के लिए केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की साय सरकार के प्रयासों को निर्णायक बताया। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार संवाद, जनजागरूकता और पुनर्वास नीति के माध्यम से माओवादियों को मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया गया। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और समाज की मुख्यधारा में लौटे। यह बदलाव केवल सुरक्षा अभियान का परिणाम नहीं, बल्कि विकास और विश्वास की नीति का भी असर है। देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने नक्सलवाद के खिलाफ दशकों तक कठिन संघर्ष किया है। सुदूर वनांचल और जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने लाल आतंक का दंश झेला, जिससे उनका जीवन और विकास दोनों प्रभावित हुआ। इस लड़ाई में सैकड़ों जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी, जिनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

केंद्र और राज्य के समन्वय से लगातार चलाए गए अभियानों के परिणामस्वरूप नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ है और छत्तीसगढ़ शांति एवं विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

## उत्कल स्थापना दिवस पर समाज ने निकाली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

उत्कल स्थापना दिवस की पूर्व संध्या समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में समाज के सभी वर्गों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया।

युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आयोजित इस शोभायात्रा में पुरी के श्रीमंदिर की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही ओड़िशा के नवरंगपुर से आई शंख नृत्य टीम, धुमाल बैंड और भजन मंडली की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।

समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों की बड़ी सहभागिता ने इस आयोजन को जनआस्था का उत्सव बना दिया। सभी प्रतिभागी पारंपरिक उत्कल वेशभूषा में सुसज्जित होकर संस्कृति के प्रति अपनी आस्था और गर्व का प्रदर्शन करते नजर आए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी।




## आंगनबाड़ी केंद्रों में नेम टैग गतिविधि का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बच्चों के प्रारंभिक विकास और उनकी रचनात्मकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से बस्तर जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में हाल ही में एक अत्यंत उत्साहजनक और प्रेरणादायक गतिविधि संपन्न हुई। तितली संस्था के सहयोग से आयोजित इस "नेम टैग बनाओ" पहल के माध्यम से आंगनवाड़ी के नन्हे-मुन्नों ने न केवल कला का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी विशिष्ट पहचान की ओर भी एक मजबूत कदम बढ़ाया।

इस गतिविधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का माहौल किसी उत्सव जैसा नजर आया, जहाँ बच्चों ने अपनी कल्पनाओं को कागजों पर उतारा। छोटे-छोटे



हाथों ने रंग-बिरंगे स्केच और कलमों की मदद से खुद के नाम लिखे और बेहद सुंदर नेम टैग (आईडी कार्ड) तैयार किए। बच्चों द्वारा बनाए गए ये कार्ड केवल कागज के टुकड़े नहीं थे, बल्कि उनकी मेहनत और अपनी पहचान के प्रति गौरव का प्रतीक थे। जैसे ही इन बच्चों ने अपने हाथों से बने इन आईडी कार्ड्स को गले में पहना, उनके चेहरों पर एक अलग ही चमक और आत्मविश्वास देखने को मिला।

## खजूर इतवार के साथ क्रिश्चन समाज का दुख भोग सप्ताह शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



शहर के चंदिया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में खजूर इतवार के साथ क्रिश्चन समाज का दुख भोग सप्ताह भी शुरू हो गया है। इस सप्ताह चर्च में प्रार्थना सभाएं होंगी और इसी सप्ताह गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। इसके बाद आने वाले रविवार को ईस्टर का पर्व मनाया जाएगा। मेथोडिस्ट चर्च में सुबह पाम संडे के अवसर पर एक जुलूस की शक्ल हाथों में खजूर की डालियां लिए होशन्ना के नारे लगाते हुए चर्च में प्रवेश किए, इसमें कई कलीसिया के लोग शामिल हुए और उसके बाद चर्च विशेष आराधना हुई। इस दौरान रेव्ह. बीपी मिश्रा ने यहूना और मती की पुस्तक से संदेश पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया की क्रूस पर चढ़ाए जाने से पहले प्रभु यीशु मसीह का यरूशलेम में राजाओं की तरह स्वागत किया गया था। उनके स्वागत में खजूर की डालिया लेकर लोगों ने जयकारे लगाए थे। आज का दिन इसलिए भी मसीह समाज के लिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि आज नए बच्चों का चर्च में पूर्ण सदस्यता का संस्कार भी किया जाता है। इस वर्ष कलीसिया में बच्चों को शामिल किया गया और उनको पास्टर डीएस रविंद्र नाथ और यूसुफ सिंह द्वारा कलीसिया में मिलाया गया। इस अवसर पर क्वायर कमेटी और महिला समिति की ओर से विशेष गीत भी गाए गए और अंत में डीएस बस्तर रविंद्र नाथ के आशीष वचन के द्वारा सभा समाप्त की गई। रविवार के साथ ही दुख भोग सप्ताह भी शुरू हो गया है। इससे पहले 40 दिनों के उपवास में लोगों के घर-घर जाकर प्रार्थना की जाती रही, अब इस सप्ताह चर्च में प्रार्थना होगी। शुक्रवार को गुड फ्राइडे की प्रार्थना सभा दोपहर 11 से 3 बजे तक होगी, इसके बाद रविवार को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। इसकी जानकारी मसीह समाज प्रवक्ता अनिमेष दास द्वारा दी गई।

